आकाशवाणी चंडीगढ

10 अगस्त 2025, समय 1810

मुख्य समाचार:-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में पिहोवा के गाँव स्योंसर में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव में सरस्वती जंगल सफारी सहित तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति का शोषण न करने और वृक्षारोपण को जन-आंदोलन बनाने की अपील की।

3. केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडविया ने कहा कि संडे ऑन साइकिल पहल ने फिट इंडिया अभियान को बड़े आंदोलन में बदलने में मदद की है।

4. केंद्रीय खेल मंत्री गौरव गौतम ने आमजन से 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने का आह्वान किया।

5. पंचकूला में आज तिरंगा यात्रा निकली गयी।

-----------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज कुरुक्षेत्र में पिहोवा के गांव स्योंसर में आयोजित 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में तीन परियोजनाओं का शिलान्यास

किया  जिसमें सरस्वती आद्र भूमि जलाशय, सरस्वती पादप एवं जैव विविधता संरक्षण वाटिका और सरस्वती जंगल सफारी शामिल है। साथ ही उन्होंने त्रिफला पुस्तिका का विमोचन भी किया।

पौधरोपण  से पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा

उन्होंने कहा कि वेदों में पेड़ों को देवता माना गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा की आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में हम प्रकृति का शोषण न करें।

श्री नायाब सिंह ने कहा कि सरकार ने पेड़ों के महत्व को समझते हुए कई पौधारोपण कार्यक्रम शुरू किए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत हरियाणा में एक करोड़ 60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इस अभियान के तहत एक करोड़ 87 लाख पौधे हरियाणा में लगाए गए हरियाणा का हर कोना हरा भरा हो इसी के तहत दूसरे चरण में इस साल हरियाणा में 2 करोड़ 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी ग्राम पंचायत नगर पालिकाओं से वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि बच्चों को भी प्रकृति से जोड़ना होगा।

इस अवसर पर उन्होंने पेड़ों को न काटने न कटने देने और हर खाली जमीन पर पौधरोपण  का संकल्प दिलाया।

-----------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज कहा कि संडे ऑन साइकिल पहल ने फिट इंडिया अभियान को एक बड़े आंदोलन में बदलने में मदद की है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में संडे ऑन साइकिल फिट इंडिया कार्यक्रम में भाग लेते हुए यह बात कही। श्री मांडविया ने कहा –

उन्होंने बताया कि भारतीय गाँव भी इस अभियान से जुड़ गए हैं।

-----------------------------------------------------------------------------

आज पलवल में जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने केएमपी व आगरा पलवल क्रॉसिंग पर पौधारोपण किया।

इससे पहले अपने सम्बोधन में खेल मंत्री ने कहा-

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार द्वारा स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों व आमजन को पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि बदलते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से लोगों को सचेत किया जा सके। गौरव गौतम ने आमजन से धरती को हरा भरा बनाने के लिए एक पौधा मां के नाम पर लगाने का आह्वान किया।

-----------------------------------------------------------------------------

पलवल के उप वन संरक्षक पलवल नरेश कुमार रंगा ने कहा है कि इस वर्ष में विभाग ने वन भूमि पर कुल 2 लाख 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित पूरा कर लिया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष पलवल वन मंडल के अधीन नर्सरियों में 6 लाख पौधे उगाए गए।

उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभाएं

---------------------------------------------------------------------------------

पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र स्थित परशुराम चौक से सेक्टर 11 चौक से पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने बताया –कि पंचकूला जिले के 9 मंडलों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आज सुबह पंचकूला के सेक्टर 17- 18 चौराहे पर स्थित शहीद संदीप  सागर के स्मारक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। कल यह यात्रा पंचकूला के गांव नाडा से निकाली जाएगी।

---------------------------------------------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में और सेना के सम्मान में पलवल में भी आज तिरंगा यात्रा निकली गई । तिरंगा यात्रा का शुभारंभ खेल मंत्री गौरव गौतम ने किया। यह तिरंगा यात्रा मंडी धर्मशाला कमेटी चौक से शहीदी स्मारक नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक निकाली गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जयघोष के साथ पूरा माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

---------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने कहा है कि अध्यापक पात्रता परीक्षा के परिणाम जल्द जारी करने को लेकर तेजी से काम हो रहा है।

एचटेट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैनिंग का कार्य पूरा हो चुका ही , विभिन्न स्तर पर जांच के बाद जल्द परिणाम जारी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों में परीक्षार्थियों से मांगी गई आपत्तियों के अनुसार विषय विशेषज्ञ का निर्णय परिणामों में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक आपत्तियाँ अंग्रेजी विषय में प्राप्त हुई ।

बोर्ड अध्यक्ष ने आज भिवानी के शिक्षाविद् डा. आर डी वर्मा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में एक पुस्तक का विमोचन भी किया।

-----------------------------------------------------------------------------------

पाकिस्तान को 24 अप्रैल से 30 जून के बीच भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद 127 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये आंकड़े इसी सप्ताह पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में साझा किए गए। नुकसान के बावजूद, पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकता है। हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध अब भी लागू है।

भारत ने भी अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था और कहा था कि संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए कोई भी कीमत ज़्यादा नहीं होती। यह कदम 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद उठाया गया था।

-----------------------------------------------------------------------------------